प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 बुधवार | दिनांक 06.11.2024

मुख्य समाचारः—

- नवा रायपुर में आयोजित राज्योत्सव का आज हो रहा है समापन—समारोह के मुख्य अतिथि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली विभूतियों को छत्तीसगढ़ राज्य अंलकरण सम्मान से विभूषित कर रहे हैं।
- केन्द्र सरकार ने मेधावी छात्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए 'पीएम—विद्यालक्ष्मी योजना' को मंजूरी दी।
- नीति आयोग ने जल प्रबंधन, संरक्षण और सतत् उपलब्धता सुनिश्चित करने के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए आज से पंद्रह दिन के जल उत्सव का शुभारंभ किया।
- छठ महापर्व के तहत कल शाम डूबते सूर्य को दिया जाएगा अर्ध्य।

<u>राज्योत्सव—समापन</u>

नवा रायपुर में आयोजित तीन दिवसीय राज्योत्सव का आज समापन हो रहा है। समापन कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हो रहे हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्यपाल रमेन डेका कर रहे हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद हैं। समापन कार्यक्रम के दौरान उपराष्ट्रपति श्री धनखड़ विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली विभूतियों को छत्तीसगढ़ राज्य अंलकरण सम्मान से विभूषित कर रहे हैं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राज्य के कलाकारों के लिए अनेक घोषणाएं कीं।

राज्योत्सव के अंतिम दिन आज शाम होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों के तहत छत्तीसगढ़ी लोक गायक अनुराग शर्मा द्वारा अनुराग स्टार नाईट, इंडियाज गॉट टैलेंट के प्रतिभागी और मल्लखंभ के खिलाड़ी मनोज प्रसाद तथा सवि श्रीवास्तव अपनी प्रस्तुतियां देंगी। इसके अलावा पवनदीप तथा अरूनिता के द्वारा गायन की प्रस्तुति होगी।

<u>राज्योत्सव</u>

इससे पहले, कल राज्योत्सव के दूसरे दिन राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर राज्यपाल ने अपने संबोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ एक युवा राज्य है और युवा अवस्था में ही इस राज्य ने विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा और क्षमता का प्रदर्शन किया है। उन्होंने लोगों से अपनी विरासत को सहेजने और छत्तीसगढ़ को अग्रणी राज्य बनाने का संकल्प लेने की अपील की।

राज्य स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में बलौदाबाजार में आयोजित कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल और खेल तथा युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा ने प्रधानमंत्री आवास योजना—ग्रामीण के हितग्राहियों के लिए ई—रेत संगवारी एप्लीकेशन 'वन प्वॉइंट ओ' को लांच किया। इस अवसर पर करियर काउंसलिंग के लिए करियर इन्फॉर्मेशन सेंटर का भी शुभारंभ हुआ।

<u>कैबिनेट—निर्णय</u>

केन्द्र सरकार ने मेधावी छात्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए 'पीएम—विद्यालक्ष्मी योजना' को मंजूरी दे दी है। कैबिनेट बैठक में लिए गए निर्णय के बारे में आज नई दिल्ली में मीडिया को जानकारी देते हुए सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि छात्र उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए बिना किसी जमानत के ऋण प्राप्त करने के पात्र होंगे।

श्री वैष्णव ने बताया कि सरकार ने भारतीय खाद्य निगम के लिए दस हजार सात सौ करोड़ रुपये की इक्विटी के निवेश को भी मंजूरी दी है। उन्होंने कहा कि यह एफसीआई की परिचालन क्षमताओं को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

जल उत्सव

नीति आयोग ने जल प्रबंधन, संरक्षण और सतत् उपलब्धता सुनिश्चित करने के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए आज से पंद्रह दिन के जल उत्सव का शुभारंभ किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले वर्ष दिसंबर में आयोजित मुख्य सचिवों के सम्मेलन के दौरान नदी उत्सव की तर्ज पर जल उत्सव मनाने का विचार सामने रखा था। नीति आयोग ने कहा है कि जल उत्सव चौबीस नवंबर तक बीस आकांक्षी जिलों और प्रखंडों में मनाया जाएगा। इसका आयोजन जल शक्ति मंत्रालय के राष्ट्रीय जल जीवन मिशन, पेयजल और स्वच्छता विभाग द्वारा किया गया है। एक पखवाड़े के दौरान विशिष्ट व्यक्ति और स्थानीय नेताओं द्वारा जल बंधन संकल्प दिलाया जाएगा और जल संपदा पर तथ्यात्मक जानकारी दी जाएगी।

सुप्रीम कोर्ट—हसदेव अरण्य

हसदेव अरण्य को खनन मुक्त करने और संरक्षित करने की मांग को लेकर दायर जनहित याचिका पर आज सुप्रीम कोर्ट की डिवीजन बेंच में सुनवाई हुई। न्यायाधीश सूर्यकांत और उज्जवल भूयान की डिवीजन बेंच ने मामले की सुनवाई के बाद केंद्र और राज्य सरकार के साथ राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम और दो कंपनियों को नोटिस जारी कर चार सप्ताह के भीतर जवाब मांगा है।

रायपुर—उपचुनाव

रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव के लिए सेजबहार स्थित इंजीनियरिंग कॉलेज में बनाए गए स्ट्रांग रूम का आज सामान्य प्रेक्षक जी. रेखा रानी ने निरीक्षण कर तैयारियों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने, अधिकारियों को निर्देशित किया कि मतदान सामग्री और बैलेट बॉक्स की सुरक्षा पूरी तरह सुनिश्चित की जाए, ताकि चुनाव प्रक्रिया पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से संपन्न हो। सामान्य प्रेक्षक ने कहा कि स्ट्रांग रूम की निगरानी चुनाव आयोग द्वारा तय सुरक्षा मानकों के अनुसार की जाए।

छठ महापर्व

छठ महापर्व के दूसरे दिन आज लोहंडा और खरना की रस्म अदा की गई। आज शाम से छठ व्रतियों का खरना के साथ छत्तीस घंटे का निर्जला व्रत शुरू हो गया है। छठ महापर्व आयोजन समिति के अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने बताया कि छठ महापर्व के तीसरे दिन कल शाम को डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। अर्घ्य देने के लिए रायपुर के महादेवघाट पर तीस हजार से अधिक लोगों के जुटने की संभावना है। इस दौरान सुप्रसिद्ध लोक गायिका कल्पना पटवारी, गायत्री यादव, परिणीता राव पटनायक और छत्तीसगढ़ी लोक गायक दुकालू यादव की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी। इसके बाद महाआरती का भी आयोजन किया जाएगा।

स्पेशल ट्रेन

यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए भारतीय रेलवे द्वारा दुर्गा पूजा और दीपावली के बाद अब छठ पूजा के लिए भी स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही हैं। रेलवे द्वारा इस वर्ष सात हजार सात सौ चौबीस विशेष गाड़ियां चलाई जा रही हैं, जबकि पिछले साल साढ़े चार हजार विशेष गाड़ियां चलाई गई थीं।

इसी कड़ी में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा रायपुर—सनतनगर, दुर्ग—अमृतसर और बिलासपुर—हडपसर के बीच छठ पूजा स्पेशल ट्रेन की सुविधा दी गई है।
सनतनगर—रायपुर के बीच दो फेरों के लिए चलाई जा रही यह ट्रेन सनतनगर से रायपुर के लिए सात और चौदह नवंबर को रवाना होगी। वहीं, रायपुर से सनतनगर के लिए यह ट्रेन आठ और पंद्रह नवंबर को चलेगी।

इसी प्रकार, दुर्ग–अमृतसर स्पेशल ट्रेन दुर्ग से सात और दस नवंबर को तथा अमृतसर से नौ और बारह नवंबर को दो फेरे के लिए चलेगी। वहीं, बिलासपुर–हड़पसर स्पेशल ट्रेन बिलासपुर से हडपसर के लिए आठ नवंबर को और हडपसर से बिलासपुर के लिए नौ नवंबर को एक फेरे के लिए चलाई जाएगी।

बेमेतरा–हादसा

बेमेतरा जिले में नवागढ़ थाना क्षेत्र के झांकी गांव में आज एक पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में करीब पच्चीस मजदूर घायल हो गए हैं। और अधिक जानकारी दे रहे हैं, हमारे बेमेतरा संवाददाता सुजीत शर्मा –

अंबेडकर अस्पताल–आगजनी घटना

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने रायपुर के डॉक्टर भीमराव अंबेडकर अस्पताल के नये ट्रामा सेंटर में कल लगी आग की घटना की जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने चिकित्सा महाविद्यालय के डीन डॉक्टर विवेक चौधरी को घटना की तकनीकी टीम से जांच कराकर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही स्वास्थ्य मंत्री ने तीन दिन के भीतर नये ट्रामा सेंटर को ठीक करने को कहा है।

सक्ती–राईस मिल संचालक

सक्ती जिले के राईस मिल संचालकों ने कस्टम मिलिंग की नई नीति का विरोध किया है। आज राईस मिलर्स ने मार्कफेड के प्रबंध संचालक को पत्र सौंपकर नये सत्र में कस्टम मिलिंग नहीं करने का ऐलान किया। गौरतलब है कि पिछले दिनों हुई राज्य कैबिनेट की बैठक में कस्टम मिलिंग की नई नीति को स्वीकृति दी गई है।

समाचार संक्षेप में ...

श्रीरामलला दर्शन योजना के तहत बिलासपुर संभाग के साढ़े आठ सौ श्रद्धालु विशेष ट्रेन से अयोध्या धाम के लिए रवाना हुए। इस ट्रेन को श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला और जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सिंह चौहान ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

जांजगीर–चांपा जिले में सरकारी नौकरी लगाने के नाम पर करीब डेढ़ लाख रुपये की ठगी के मामले में शिक्षक मनमोहन सिंह गोंड के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

गरियाबंद जिले में देवभोग थाना क्षेत्र में डोहेल गांव के पास चारपहिया एक वाहन और मोटरसाइकिल के बीच हुई टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई।

जांजगीर के नैला फाटक के पास ट्रेलर की चपेट में आने से वकील की मौत हो गई।

कोरबा जिले में कटघोरा–अंबिकापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर मदनपुर मोड़ के पास एक कार अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई, जिससे कार में सवार एक युवक की मौत हो गई। जबकि, दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया है।

इसी जिले के हरदीबाजार बायपास रोड के पास ट्रेलर की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार एक युवक की मौत हो गई।

दुर्ग जिले में जामुल थाना क्षेत्र के अंतर्गत मुड़पार में घर के बाहर सफाई करते समय करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई।

संक्षिप्त समाचार–02

बेमेतरा में जिला रोजगार और स्व–रोजगार मार्गदर्शन केन्द्र ग्यारह नवंबर को प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा।

कांकेर के न्यायालय परिसर में आज भालू घुस गया और झाड़ियों में छिप गया। वन विभाग के अमले ने वहां पहुंचकर भालू को जंगल की ओर भगा दिया है।